# देना हो तो दीजिये जन्म जन्म का साथ | by Mukesh Bagda

मेरे सिर पर रखदो बाबा अपने ये दोनों हाथ
देना हो तो दीजिये जनम जनम का साथ

देने वाले श्याम प्रभु तो धन और दौलत क्या मांगे
श्याम प्रभु से मांगे तो फिर नाम और इज़्ज़त क्या मांगे
मेरे जीवन में अब करदे तू किरपा की barsaat
देना हो तो दीजिये ...............

श्याम तेरे चरणों की धूलि धन दौलत से महंगी है
एक नज़र किरपा की बाबा नाम इज़्ज़त से महंगी है
मेरे दिल की तमन्ना यही है करूँ सेवा तेरी दिन रात
देना हो तो दीजिये ...............

झुलस रहे हैं ग़म की धुप में प्यार की छइयां कर दे तू
बिन माझी के नाव चले ना अब पतवार पकड़ ले तू
मेरा रस्ता रोशन कर दे छायी अंधियारी रात
देना हो तो दीजिये ...............

सुना है हमने शरणागत को अपने गले लगाते हो
ऐसा हमने क्या माँगा जो देने में घबराते हो
चाहे जैसे रख बनवारी बस होती रहे मुलाकात
देना हो तो दीजिये ...............

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%8b-%e0%a4%a4%e0%a5%8b-%e0%a4%a6%e0%a5%80%e0%a4%9c%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a5%87-%e0%a4%9c%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%ae-%e0%a4%9c%e0%a4%a8%e0%a5%8d/